श्री ललितभाई मेहता (गुजरात): उपसभापति महोदया, देश में बेरोजगारी के कारण जो समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, उन पर हम कई बार चर्चा कर चुके हैं और आज एक और मौका इस पर चर्चा करने के लिए हमें मिला है। देश में रोजगार की परिस्थिति या बेरोजगारी की परिस्थिति कैसी है, इसके लिए हमारे देश में नेशनल सैम्पल सर्वे आर्गनाइजेशन काम करती है और उन्होंने 1968 में प्रो. दांतवाला कमेटी ने जो सिफारिश की थी, उसको ध्यान में रखते हुए तीन मापदंड तय किए हैं-एक है usual principal status, दूसरा है current weekly status तीसरा है। current daily status इसके माध्यम से देश का नागरिक किसी रोजगार का अवसर थोड़े समय के लिए भी पाता है या नहीं, एक हफ्ते के लिए भी पाता है या नहीं, पूरे साल उसको काम मिलता है या नहीं, इसका पता चलता है।

महोदया, उदारीकरण और वैश्वीकरण की जो परिस्थिति हमारे देश में रही है, उसमें हमारे मित्र यह आरोप लगा रहे हैं कि उसके कारण हमारे देश में बेरोजगारी बढ़ी है। मेरे पास 13 देशों के आंकड़े है जिनसे पता चलता है कि वहां बेरोजगारी की स्थिति कैसी है अगर हम देखें तो इन 13 देशों में बेरोजगारी बढ़ने की जो दर है, उसमें भारत का क्रम नवां है। बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा यानी 10.6 परसेंट श्रीलंका में है, 9.4 परसेंट फिलीपाइंस में है, 7.0 परसेंट आस्ट्रेलिया में है, 6.3 परसेंट कोरिया रिपब्लिक में है, 5.9 परसेंट पाकिस्तान में है, 5.5 परसेंट इंडोनेशिया में है। भारत में यह दर 4.4 परसेंट है जो दुनिया में सबसे विकसित कहे जाने वाले युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के नजदीक है। युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में भी आज अनइम्प्लॉयमेंट का ग्रोथ रेट 4.2 परसेंट है।

मैडम, एक रिपोर्ट जो कल ही छपी है, मैं उसका जिक्र यहां करना चाहता हूं। हमारे विपक्ष के माननीय सदस्य यह आरोप लगा रहे हैं कि देश मे बेरोजगारी बढ़ रही है और माननीय प्रधानमंत्री जी ने हर साल एक करोड़ रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की बात कही थी, वह असत्य निकली, ऐसा वे कह रहे हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि यह प्रधानमंत्री जी ने नहीं कहा है, यह भारतीय जनता पार्टी ने नहीं कहा है, यह सरकार का कोई अधिकृत आंकड़ा नहीं है लेकिन Business Standard में छपी हुई Global Entrepreneurship Monitor Report of the London School of Business रिपोर्ट कहती है कि—

"New enterprises in India created 17 million jobs in the year 2003, which was the second highest in the world after China."

एक करोड़ सत्तर लाख रोजगार के नए अवसर 2003 के साल में, यह बिजनैस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट है। लंदन स्कूल ऑफ बिजनेस, यह भारत का ही सर्वे कर रहा है ऐसी बात नहीं है।

"The study, carried out by the London School of Business and Babsons College, UK, surveys 40 countries, which account for over 60 per cent of the world's population and 70 per cent of its output."

पूरी दुनिया का 60 प्रतिशत से ज्यादा जो नागरिक है उस पर भारत का सर्वे यह बताता है कि हमारे देश में पिछले एक साल में एक करोड़ सत्तर लाख नए जॉब्स क्रिएट हुए हैं।

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : कहां से फर्जी आंकड़े ले आए हैं आप।

श्री ललितभाई मेहता: आपको तकलीफ हो रही है, आपको तो खुशी होनी चाहिए।

कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संघ प्रिय गौतम): आंकड़ेबाजी का तो खेल ही है।

श्री ललितभाई मेहता: रोजगार के अवसर के लिए हमारे यहां कमेटी बनी थी। हमारे प्लानिंग कमीशन के भूतपूर्व सदस्य एम.एस. अहलुवालिया की। अहलुवालिया कमेटी ने एक अंदाज लगाया था कि आने वाले समय में हमारे देश में करीबन 8.4 मिलियन नए जॉब्स की रिक्वायरमेंट होगी। हमारे मित्र यह मानकर चलते हैं और शिकायत भी करते हैं कि अगर देश में 7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट रहती है, 8 प्रतिशत की ग्रोथ रेट रहती है तो उतने ही जॉब्स वहां पर क्रिएट होते हैं। हमारा जो पिछले तिमाही का ग्रोथ रेट का आंकड़ा 8.4 आया है और दसवीं पंचवर्षीय योजना एस. पी. गुप्ता कमेटी ने जो बेरोजगार के अवसर की परिस्थिति और रोजगार के अवसर के बारे में आंकलन किया है वह भी यह बताता है कि हमारे देश में दो करोड़ नए रोजगार के अवसर दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सीधे ही मिलेगें और हमारी विकास की मंजिल जो आगे चलती है ग्रोथ बॉयेंसी के कारण इस देश में तीन करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

श्रीमती सरोज दुबे: अभी तो टास्क फोर्स गठित हुआ है, अभी आंकड़े कहां बतला दिए हैं।

श्री ललितभाई मेहता: मै इसलिए बताना चाहूंगा कि हमारे मित्र मानने को तैयार नहीं हैं कि रोजगार के अवसर मिले कि नहीं मिले। किसी को पूरे समय की नौकरी मिल गई और रोजगार का अवसर मिल गया ऐसा मानकर आप चलेंगे तो यह बात ठीक नहीं होगी। देखिए, देश के बैंको ने प्रधान मंत्री रोजगार योजना के तहत दो लाख बाइस हजार पांच सौ बयालिस लोगों को ऋण दिया है। क्या ये रोजगार के अवसर नहीं हैं? यह स्वर्ण जयन्ती ग्राम योजना है उसमें पिछले साल में

इक्यासी हजार इक्यानवे लोगों को बैंक से ऋण दिया गया है। ये ऋण रोजगार के अवसर सृजन के लिए ही दिए गए है। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना हमारे यहां चलती है, स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना चलती है, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना चलती है, एम्प्लायमेंट एश्युरेंस स्कीम हमारे यहां है वह चलती है। फूड फॉर वर्क का प्रोग्राम जो हमारे यहां है वह चलता है, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत ग्रामीण लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। महोदया, आप इस बात को ध्यान में रखेंगी कि देश में कभी भी कृषि के क्षेत्र में जब विकास बढ़ता है तो वह कृषि के क्षेत्र का विकास पूरे देश के विकास के लिए एक द्योतक होता है। इण्डस्ट्री का विकास कृषि के क्षेत्र के विकास पर आधारित है पिछले साल जो अच्छी बारिश आई और उसके कारण कृषि के क्षेत्र में पिछले सालों में ऐसा कभी भी नहीं था ऐसा विकास यानी साढ़े सात परसेंट के करीब कृषि के क्षेत्र का विकास इस साल में हो रहा है और इसके कारण रोजगार के कई अवसर हमारे देश में सृज्ञन हो रहे हैं। हम इस परिस्थिति में जब यह बात सोच रहे हैं तो मुझे यह कहना है कि इन्फारमेशन टेक्नालाजी के क्षेत्र में, लगभग 8 लाख युवा वर्ग इस क्षेत्र में पिछले साल रोजगार के अवसर पाने में सफल हुआ है। इसी तरह से जो नयी इंडस्ट्रीज हमारे यहां लगी हैं, उसने प्राइवेट सैक्टर में एम्पलायमेंट ग्रोथ रेट 10.2 परसेंट रहा है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर बढ़े हैं।

मैडम, 1981 में भारत सरकार में कर्मचारियों की संख्या 31 लाख 95 हजार थी लेकिन वह बढ़कर के 1991 में 34 लाख 10 हजार हुई और वर्ष 2001 का जो आंकड़ा मेरे पास है उसमें 32 लाख 61 हजार कर्मचारी भारत सरकार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राज्य की सरकारों में 56 लाख 76 हजार कर्मचारी वर्ष 1981 में थे, उनकी संख्या बढ़कर के 1991 में 71 लाख 12 हजार हो गई और 2001 में पूरे देश की राज्य सरकारों में 74 लाख 25 हजार कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जो गवर्नमेंट सर्विसेज हैं, उसमें भी 1981 में 45 लाख 76 हजार कर्मचारी थे, वे बढ़कर के 1991 में 62 लाख 22 हजार हुये और 2001 में 61 लाख 92 हजार कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे है। ऐसे सरकारी क्षेत्र और क्वेसी गवर्नमेंट सेक्टर का हम ध्यान रखेंगे तो भी लगता है कि जो 154 लाख 84 हजार कर्मचारी थे वे बढ़कर के एक करोड़ 91 लाख 38 हजार हो गये। इस क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आज जब देश प्रगति की राह पर है, आर्थिक विकास की दर बढ़ रही है। फील गुड फैक्टर की बात हमने ही नहीं कही है, बल्कि, फील गुड फैक्टर की बात पूरे देश के सामान्य, आम नागरिक ने कही है, सामान्य जन ने कही है, उद्योगों ने कही है, उद्योगपतियों ने कही है। उसका कारण यह है कि आज रोजगार के अवसर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मिल रहे हैं। लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था इस सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान की है, सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के कारण ऐसी स्थिति हुई है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): शुक्रिया मैडम। बेरोजगारी अपने देश में शायद सबसे भयानक समस्या है। अभी हमारे मित्रों ने कुछ आंकड़े पेश किये हैं। कई बढ़िया मैगजीन जो लंदन से छपती है वह हिन्दुस्तान की बेकारी को बारीकी से देख लेती है। हमारे उद्योग और अर्थ-शास्त्र के विद्वान भी अपने आंकड़े अपने दफ्तर में बैठकर के बना दिया करते हैं। हम उतने आंकड़े जुटाना तो नहीं जानते हैं, लेकिन हम इतना जरूर जानते हैं कि देश का हर परिवार में एक व्यक्ति औसतन बेकार जरूर है। पांच आदमी का एक परिवार होता है। सौ करोड़ से ऊपर की आबादी का देश हो गया है। अगर हिसाब लगायें तो 20 करोड़ परिवार बनते हैं। यह मोटा-मोटा फार्मूला है। हमने कोई मेगजीन, किताब पढ़कर, रजिस्टर से नोट करके, एम्पलायमेंट एक्सचेंज का दरवाजा खटखटा कर ये आंकड़े इकट्ठे नहीं किये हैं बल्कि गरीब आदमी की झौपड़ी से ये आंकड़े इकटठे किये हैं। चौधरी देवी लाल मुख्य मंत्री देवी लाल मुख्य मंत्री थे और विश्वनाथ प्रताप सिंह चुनाव लड़ रहे थे, देहात में चले गये और कहने लगे कि किसी झोपड़ी में चलो। हमने कहा कि झोपड़ी सबसे गरीब की या सबसे धनी की? उन्होंने कहा कि सबसे गरीब की। थोड़ी दूर जाने के बाद उन्होंने कहा कि रूको। यह झोपड़ी है। मैंने कहा कि इसमें लकड़ी का दरवाजा है। मैं ऐसी झोपड़ी में ले चलूंगा जिसमें दरवाजा भी नहीं होगा। उस घर में एक लड़का पत्थर पर गिट्टी तोड़ने का काम करता था और वही कमाकर लाता था। दो लड़को को वह काम भी नहीं मिला था। एक बूढ़ा बाप था, एक बूढ़ी मां थी और जो लड़का कमाता था, उसकी बीबी और दो बच्चे थे। उस परिवार में दो लड़के ही नहीं, बाकी सब भी बेकार माने जाएंगे। हम लोग जब बेकारी पर बहस करते हैं तो कुछ पढ़े-लिखे नौजवानों की बेकारी पर आंकड़ेबाजी कर दिया करते हैं। यह पढ़ा-लिखा नौजवान, जिस तरह की पढ़ाई लिखाई दी गयी है, वह उस पढ़ाई लिखाई के कारण कोई उत्पादक श्रम नहीं करना चाहता। हम हिन्दुस्तानी काम के मामले में थोड़ा बिगड़े हुए भी हैं। हिन्दुस्तान में जाति व्यवस्था है। जो सबसे ऊंची जाति है, वह हल नहीं जोत सकती-जनेऊ गंदा हो जाएगा। जो थोड़ा पढ़ा-लिखा है, अंग्रेजी पढ़ लिया, वह खुरपी नहीं उठा सकता, मिट्टी नहीं चो सकता, दफ्तर में मैनेजरी करेगा। और जिसके पास पांच लाख की भी पूंजी हो गयी, वह अपने हाथ से उत्पादन नहीं करेगा। पूंजी, जाति व्यवस्था और अंग्रेजी भाषा-इन तीनों ने काम के बारे में हमारी पसंद ओर रूझान को बदल सा दिया है-इसको जरूर नोट कीजिएगा। हमने शुरू में ही कहा है कि हर परिवार में ओसत एक व्यक्ति बेकार है। मैं नहीं जानता कि लंदन से जो मैगजीन छपती है, जिसका माननीय सदस्य ने अभी हवाला दिया है, वह मैगजीन वाला शहर के किसी चौराहे पर 6 बजे आया होगा या नहीं। 6 बजे गांव के लड़के हजारों की तादात में चले आते हैं मकानों में चूना-कली करने के लिए, रोज मजदूरी करने के लिए। हमने 6 बजे उनकी भीड़ देखी है, वे दस हजार से ऊपर होते हैं और दस बजे लौटो तो भी 6 हजार 7 हजार के करीब भीड़ खड़ी रहती है। जब हमने पूछा तो कहते हैं सब वापिस लौट जाएंगे, कोई काम नहीं मिला। इस दर्द को कौन समझेगा? जब भी कोई राजनैतिक या सामाजिक परिवर्तन होने लगता है तो हिन्दुस्तान के नौजवान और उनके मां-बाप को एक उम्मीद बंधती है कि

अब हमारे परिवार की तकदीर बदल जाएगी, हमारे बेटे को काम मिल जाएगा। 15 अगस्त 1947 को यह हुआ, 1977 में यह हुआ, 1979 में यह हुआ। आप लोग भी जब सत्ता में आए तब भी हुआ। एक बार यह उम्मीद बनती है कि बेटे को काम मिल जाएगा-और यह पवित्र उम्मीद है। सत्ता में आने के बाद हम लोगों ने उनकी उम्मीद को नजरअंदाज किया है-सब लोगों ने किया है, सब दोषी हैं। हम संसद में बैठते हैं। क्या हम इस दर्द का अहसास कभी नहीं करेंगे? यह मत रोजगार में जोड़ दीजिएगा कि हमारे बाप के पास एक परचून की दुकान थी और हम चार भाई थे, हम बड़े हो गए तो हम चारों अपने बाप की दुकान में बांट-बांट कर काम करने लगे। वह काम नहीं कहलाता। अगर यही श्रम है तब तो मजाक सा हो जाएगा। हमारे बाप के पास दस बीघा खेत थे। हम पांच भाई थे, दो दो बीघा करने लगे। हमारे पांच-पांच बच्चे हो गए। उनके पास पांच-पांच बिस्वा आ गया और अगर कहा जाए कि सब अपने खेत में काम कर रहे हैं तो वैसे काम नहीं कर रहे, जैसे हमारे बाप ने किया था। इसलिए श्रम मंत्री जी, श्रम का मजाक मत कीजिएगा। यह बहुत दर्द वाला सवाल है। ये शिक्षित बेरोजगार, ये तो भयानक दौर से, जिसकी कल्पना नहीं कर सकते पढ़-लिख लिए-दसवीं पास कर ली, बारहवीं कर ली, बी ए कर ली। पढ़ाई लिखाई थोड़ी बहुत आदत भी बिगाड़ती है। बीड़ी-सिगरेट पीने लगता है, चाय पीने लगता है, साफ कपड़ा पहनने लगता हे, बालों में कंघी करने लगता है, तेल लगाता है, साबुन से नहाता है। गांव के बच्चे की तरह, अनपढ़ बच्चे की तरह नहीं रहेगा। बीए की डिग्री, एमए की डिग्री, पीएचडी की डिग्री लेकर लड़के शहर में भटकते हैं और हमारे जैसे लोगों को, जो पीएचडी नहीं हैं, उनसे कहते है कि काम दिलवा दो। कई नेता होंगे जो दर्जा चार पास होंगे, उनसे कहते हैं कि कहीं पैरवी करके काम दिलवा दो। वर्तमान शिक्षा पद्धति हिन्दुस्तान के नौजवानों को उनकी आदत बिगाड़कर उनको उस तरह कर देती है जैसे कानपुर मुम्बई में छोटे-छोटे बच्चों को पकड़ लिया जाता है। उनके हाथ-पैर तोड़ दिए जाते हैं, उनकी आंखें फोड़ दी जाती हैं और उनके हाथ में कटोरा थमा दिया जाता है कि जाओ, दूसरों से भीख मांगों। आज रोजगार के अभाव में हिंदुस्तान की नई पीढ़ी जो पढ़-लिख गई है, वह कटोरा लेकर दूसरो के सामने भीख मांग रही है। उसकी एमए और पीएचडी की डिग्री दिखाने पर कोई एक रुपए की मूंगफली भी नहीं दे सकता। शिक्षित बेरोजगारों की यह दुर्दशा हो गई है। थोड़ा हल्ला करना जानते हैं, कभी कभी इकट्ठा होते हैं, पढ़े-लिखे हैं तो सरकार के लिए सिर दर्द होता है। बहुत सिर दर्द हो जाया करता है। जो अशिक्षित बेरोजगार हैं, खेतों में काम करते हैं, कालीन बनाने का काम करते हैं, पीतल का काम करते हैं, बीड़ी बनाते हैं, उनको तो बोलने भी नहीं दिया जाता। बेरोजगारी एक मजबूरी है, बेरोजगारी अधिकार नहीं है। जो कोई बेरोजगार होता है, ज्यों ही काम मिल जाता है, उसके बाद वह उठने लायक नहीं रहता। काम मिलने के बाद वह वोट के बारे में सोचेगा, वह सदाचार के बारे में सोचेगा, वह लोकतंत्र के बारे में सोचेगा, दर्शन के बारे में सोचेगा, वह इस लायक नहीं रह जाता है। जब काम मिल जाता है तो वह बहुत ही लीचड़ की जिंदगी जीने लगता है। हमने दफ्तर के बाबुओं को देखा है जाड़े के दिनों में सवेरे आठ बजे, नौ बजे साइकिल

से ए॰ जी॰ ऑफिस जाते हुए। शाम पांच बजें, छः बजे दफ्तर बंद हो तो सिकुड़ते हुए ए॰जी॰ ऑफिस से आते हुए। हमने उनसे पूछा कि क्यों जा रहे हो इस तरह? हम तुम्हारे घर गए थे, सब्जी भी नहीं बनी थी 27 तारीख को, इतनी मेहनत करके क्यों जा रहे हो? उसकी पत्नी बोलती है कि फिर पहली तारीख आएगी तो काम चल जाएगा। हिंदुस्तान में जितने लोग नौकरी करते हैं छोटी वाली, जिसमें बेईमानी का कोई चांस नहीं, वे महीने में पंद्रह दिन इसी उम्मीद पर नौकरी करते हैं कि फिर पहली तारीख आएगी तो काम चल जाएगा। साइकिल पंक्चर हो जाए तो 29 तारीख को नहीं बनवा सकते, बाजार में गुब्बारा देखकर मचल जाए तो 30 तारीख को नहीं खरीद सकते, पहली को खरीद लेंगे। जो काम करता है, उसकी यह दुर्दशा है। अपनी आधी जिंदगी महीने की-फिर पहली तारीख आएगी तो काम चल जाएगा। समाज के जो खाते-पीते लोग हैं, उनके बारे में बहस करने के लिए लोकतंत्र नहीं है। उनके लिए आप कंट्रोल कीजिए, तरीका बनाइए, जो कीजिए लेकिन एक बात गाहे-बगाहे उठती रही है, कभी जोर से भी उठी है, कभी ताकत से भी उठी है- क्या यह संभव नहीं है साहिब सिंह जी, क्या यह संभव नहीं है प्रणब दा कि हम सब लोग मिलकर संविधान बदल दें और संविधान के फंडामेंटल राइट्स के खाने में दर्ज कर दें कि जो लड़का या लड़की 18 साल की उम्र के हो गए और वह काम करना चाहे तो यह जिम्मेदारी राष्ट्र की होगी कि वह उसको काम दे! मूल अधिकार में यह जोड़ दिया जाए। कितने दिनों तक नई कौम को लीचड़ बनाकर रखा जाएगा? दूसरों के सामने कटोरा लेकर भींख मांगने के लिए मजबूर किया जाएगा? मैं चाहूंगा कि इस पर गंभीरता से सोचा जाए। मुझे बहुत नहीं बोलना था मैडम, क्योंकि इस दर्द को अपनी जवानी के दिनों से झेलता आ रहा हूं। बहुत बार इस पर लड़ाई भी लड़ी है , जिन दिनों नेतागिरी नहीं करता था, इसको झेलता था। आप लोग भी राजनीति में नहीं रहे होंगे तो झेले होंगे। आपके बच्चे झेल रहे होंगे। सबके बच्चे झेल रहे होंगे। जिनके घर में पैसा है, बड़े-बड़े सपने देखकर बच्चे निकल गए। और यह मॉडर्न टेक्नॉलाजी, यह तो बहुत ही खतरनाक है, जिसके बारे में बहस क्या? बड़ी-बड़ी मशीनों की बहस नहीं करूंगा लेकिन हमारे खलिहान में जो थ्रेशर मशीन आती है, हमारे गांव के वे गरीब जो हमारा गेंहू काटकर खलिहान में लाया करते थे, मजदूरी में उनको कम से कम इतना गेहूं मिल जाता था कि कम से कम छः महीने का खर्जा चल जाए। वह खलिहान में काम करते थे, मजदूरी में इतना गेहूं मिल जाता था कि दो महीने का काम चल जाए। अब ये थ्रेशर मशीन और ऊपर से फसल काटने वाली मशीन, इनके आने से हमारा वह मजदूर बेकार हो गया। अब वह क्या करेगा? केवल मजदूर ही बेकार नहीं हो रहा है नई मशीनों के कारण, छोटे-छोटे कामों के मशीनीकरण के कारण! पहले हम हल चलाते थे बैल से, अब किसी गांव में बैल दिखाई ही नहीं देता है। क्या होगा?

आप तो गाय की सेवा करने वाले हो। 'गऊ हमारी माता है' कहते हो। जब बैल खेत और जमीन पर काम नहीं करेगा तो वह काटा जाएगा और उसका गोश्त खाया जाएगा। जहां आपने

आदमी ही नहीं जानवर भी बेकार कर दिया है तो हम कहीं के नहीं रह गए हैं। आज-कल बर्ड फ्लू की बीमारी फैली है। ये खाना छोड़ दो तो ये मुर्गे बेकार हो गए लेकिन आपकी मशीनीकरण के कारण हमारे बैल तक बेकार हो गए हैं। हमारे नौजवान बेकार हुए तो क्या हुआ? इसलिए मैं माननीय साहिब सिंह जी से कहूंगा कि यह सच है...(समय की घंटी)... एक मिनट मैडम। यह सच है कि आज-कल चुनाव का मौका है, रोजगार के बारे में तथा और कई चीजों के बारे में आपकी तरफ से कई लुभावनी घोषणाएं होंगी। हम लोग भी ऐसा करते हैं। सब ऐसा करते हैं। इन लोगों के बारे में कह दोगे कि पचास साल तक कम नहीं किया, यह मानव स्वभाव होता है। लेकिन उन लुभावनी घोषणाओं को छोड़े। गद्दी पर बैठने के बाद जब हिन्दुस्तान के श्रमिकों ने यह सवाल उठाया था कि काम की छटनी हो रही है, हमें काम चाहिए और छटनी न की जाए, तब हमने प्रधानमंत्री जी का वह भाषण भी सुना था कि सरकार की जिम्मेदारी नहीं होती कि किसी को काम दे। हमने तब माथा पीट लिया था कि प्रधानमंत्री जी ऐसा बोलेंगे। वह देश का सबसे बड़ा मुखिया होता है। हिन्दुस्तान के नौजवानों में दम नहीं है और वे आज मीडिया, टेलीविजन पर खेल-कूद देखकर कमजोर हो गए हैं या वे कई तरह के भ्रमों में फंस गए हैं। यदि आजादी के जमाने का नौजवान होता या आजादी के दस-बीस साल बाद का नौजवान होता तो वह कह देता कि अगर तुम्हारी काम देने की जिम्मेदारी नहीं है तो हम तुम्हें अब बेकार कर देंगे और तुम को भी काम नहीं देंगें। लेकिन अब उसकी बोली बहुत कमजोर हो गई है। आज-कल बेकार नौजवान, किसान समाज के पिटे हुए लोग दिखाई देते हैं। याद रखिएगा कि ये किसान और नौजवान-मजदूर, दो ही हैं जो देश की दौलत बढ़ाते हैं। कारखाने में बिड़ला साहब की पूंजी लगती होगी लेकिन अगर मजदूर का पीसना न लगे तो उस कारखाने से एक रत्ती भर भी कुछ पैदा नहीं होगा। मजदूर मशीन पर पसीना गिराता है तो कुछ पैदा होता है। किसान जब जमीन पर पसीना गिराता है तब कुछ पैदा होता है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इन दोनों वर्गों को नजर अंदाज किया गया है। हम लोगों के यहां जो हिन्दुस्तान की पीढ़ी पैदा होती है उसको आश्वस्त करना है। चाहे कोई भी सरकार आए कोई भी नई सरकार आए। आपकी आए, इन लोगों की आए या हमारी आए। यहां राज्य सभा से यह संकल्प लेकर जाएं कि जो कोई भी सरकार बनेगी संसद से संविधान में परिवर्तन करके नौजवानों को काम देने के लिए 18 साल उम्र से कोई रोक नहीं सकता है अगर मंदिर में जाना हमारा मूल अधिकार है, अगर मस्जिद में जाना हमारा मूल अधिकार है तो। अगर हम 18 साल की उम्र पार कर गए तो काम पाना हमारा मूल अधिकार होगा और हमें इससे कोई रोक नहीं सकता। आप यहां से संकल्प लेकर जाइए, अपने आप समस्याओं का निदान हो जाएगा।

श्री संघ प्रिय गौतम: सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार थी, जिसमें आप भी शामिल थे। वह फेल हो गई थी।...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: उन्होंने अपने भाषण में रेफर किया है। He mentioned it in his speech, but he did not take any name. (*Interruptions*) Now, Shri N. Jothi.

SHRI N. JOTHI (Tamil Nadu): Madam, I am not going to speak much on this issue as all of us are aware of this problem. We all know that, next to the problem of population, the problem of unemployment is the biggest problem which is being faced by our country. But, what is the solution for that? That is the only thing we have to focus on. How should we focus on this problem? What are the remedial measures we have thought about it? On my part, I would like to contribute a little on this issue. We know that unemployment is of various kinds, like educated unemployment, urban unemployment, etc. So, these are various categories of unemployment. There is another type of unemployment, women unemployment; this issue is very vital. There are various kinds of unemployment. We can analyse this sector-wise. But how to give them employment?

Now we are in the age of automation. Everything is on the feather-touch. We have brought in Coca Cola. We have brought in Pepsi. Pesticides are always there in it. It has killed hundreds of local aerated water works. Like that, without any vision, without any thinking, we have allowed them. I am not saying that the people who have brought it are bad people. I only say that they could have thought twice. It has led to this situation; and the local employment has been lost on that count.

Madam, I can suggest one solution. We can think of giving tariff relief on man-made things. We can give duty relief on those items, for example, match industry in Sivakasi area in Tamil Nadu, which is very predominant. Two districts are in match industry-Thirunaveli and Kanyakumari. On the manmade matches, the duty is less. On the machine-made matches, the duty is more. Like that, we can bring in certain remedial measures. Wherever human employment is involved, we can always give some tax relief to them so that the policy to give more and more employment opportunities is adopted. We can think on these lines. Even today, handmade matches cost less. In the market also, the price is less on the handmade matchboxes than on the automation made matchboxes. Like that, we can think on these matters.

Madam, when we think about unemployment, there is nothing wrong in feeling myself proud about my leader in our State, regarding women employment. Twenty-five women joined together and formed a group for self-employment. The Government gives a substantial aid to them. The Government also guarantees bank loan for that group and many women

are employed now. Like that, lakhs and lakhs of women are getting employed in Tamil Nadu.

The Tamil Nadu initiative can be taken as a role model and this role model can be adopted in the entire country, if the Central Government so feels and other Governments so feel. I think, this is one way of eradicating unemployment. Madam, unemployment and poverty always go together. Unemployment and law and order also always go together. Without delving much on religious matters, I would like to mention that unemployed graduates and unemployed people are potential dangers and certain foreign religious communities poach them, where funds are coming from foreign countries, and they convert people into that religion; they pose a potential danger. They are becoming extremists. The root cause of all these is unemployment. Madam, how do we eradicate it?

We make many enactments. In several enactments, nowadays, there is a trend to set up tribunals. Even after a very big salary package, the retired civil servants, spending a very long career of 30 years, would be appointed as members of tribunals. The members will be the retired High Court judges; they will be retired Supreme Court judges. We give them employment. We give employment to retired High Court judges; we give employment to retired Supreme Court judges. We give employment to the retired civil servants, who have retired from very high ranks--IAS officers. But we do not give employment to the people who have just now passed out scoring meritorious marks from the colleges. We never think about them. Why should we employ people who retire after drawing a fat salary? What is the necessity for that? Nowadays, you take any enactment, there is a tribunal; there is a tribunal culture now. Always, there are civil servants over there. Their term will be extended by five more years. They will be given bungalows, cars and staff. High Court judges retire at the age of 62; and at the age of 65 the Supreme Court judges retire. But they have got Commissions and Tribunals to serve further. We should avoid this kind of system in our country, where enemployed people are more. Why should we adopt this kind of a culture?

As a lawyer, I feel, Madam, that this is the system on which we should focus our attention. We should avoid re-employment in an authorised manner or by an enactment.

1.00 P.M.

Madam, much has been said about farmers here. Mr. Khuntia has said that suicides are being committed everywhere, farmers are suffering a lot, machines have come, etc. Mr, Janeshwar Misra has also said that machines have come for harvesting and all that. We should think twice before introducing this automation in the agricultural sector. Madam instead of having focussed our attention in our Five Year Plans... (*Time-bell*) I will take two minutes, Madam. In our Five Years Plan instead of focussing our attention on core industries and big industries which take an investment of Rs.10,000 crores we should have thought about interlinking our rivers long ago...*(Interruptions)*... No problem. ...*(Interruptions)*... All right. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Madam, lunch...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: He is completing in one minute.

SHRI N. JOTHI: Madam, I am speaking after a long time. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHARIMAN: You forget about his employment problem. ...*(Interruptions)*...

SHRI N. JOTHI: Madam, I have got this opportunity to speak after a long time. ...*(Interruptions)*... I had been unemployed so far. ...*(Interruptions)*... It is part-time employment, ...*(Interruptions)*... Shall I continue after lunch, Madam? ...*(Interruptions)*.. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Have you finished? ...*(Interruptions)*...

SHRI N. JOTHI: All right, Madam. ...*(Interruptions)*... I do not want to take much time. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: His time was only for five minutes. ...*(Interruptions)*... He has already consumed that time. ...*(Interruptions)*... Mr. Ahluwalia, how can you give him extra time without asking the Chair? ...*(Interruptions)*...

SHRI N. JOTHI: He gives me employment. ...*(Interruptions)*... Anyway, I do not want to take further time of the House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock

The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

THE INTERIM BUDGET (GENERAL) 2004-05

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Finance Minister will lay on the Table the Interim Budget (General) 2004-05 and Supplementary Demands for Grants (General) 2003-04.

THE FINANCE MINISTER (SHRI JASWANT SINGH): Madam, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of estimated receipts and expenditure of the Central Government (Annual Financial Statement) for the financial year 2004-05 and Vote on Account (Interim Budget).

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL) 2003-04

I beg to lay on the Table a Statement (In English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2003-04 (February 2004).

SHORT DURATION DISCUSSION

Unemployment problem in the country (Contd.)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, let us continue with the Short Duration Discussion. Mr. Jothi to continue. He is not there. Mr. Virumbi.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Madam, the Short Duration Discussion that is going on is a topic which is agitating the entire nation. Unemployment and the population growth are two inseparable twins. In 1951 our population was 36 crores. Now, it has gone up to 103 crores. From 1960 to 1990, there is an enormous increase. If you look at the growth rate of India and China, in 1960, it was about 2.2 per cent. In 1990, the growth rate of population in China was one per cent, while